न्यायालय अतिरिक्त जिला कलक्टर, दौसा

मुकदमा संख्याः 36 / 2014 नामान्तरकरण अपील

उनवान रामप्यारी व अन्य बनाम रामकिशोर व अन्य

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
04.07.2023	पत्रावली पेश हुई। रेस्पोडेन्ट नम्बर 1 रामकिशोर एवं रेस्पोडेन्ट नम्बर 4 कैलाश की ओर से अधिवक्ता श्री हरिनारायण माठा द्वारा वकालतनामा पेश किया गया। साथ ही अपीलान्ट संख्या 1 रामप्यारी देवी सैनी का मृत्यू प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया गया। प्रस्तुत मृत्यू प्रमाण पत्र के अनुसार रामप्यारी देवी की मृत्यू दिनांक 10.8.2018 को हो चुकी है। अपीलान्ट्स एवं अधिवक्ता अपीलान्ट्स को बार–बार आवाज लगवाई गई। किन्तु अधिवक्ता अपीलान्ट्स एवं अपीलान्ट्स में से कोई भी उपस्थित नहीं हुआ। ऐसी स्थिति में अपील को आगे चलाये जाने का कोई औचित्य नहीं है। अतः नामान्तरकरण संख्या 770 ग्राम लालसोट तस्दीकी दिनांक 29.04.1977 तहसीलदार लालसोट जिला दौसा के विरूद्ध अपीलान्ट्स द्वारा प्रस्तुत अपील अदम हाजरी एवं अदम पैरवी में खारिज की जाती है। निर्णय की प्रति के साथ अधीनस्थ न्यायालय का मूल अभिलेख वापिस भिजवाया जावे। पत्रावली फैसल शुमार की जाकर नम्बर से कम हो एवं बाद पूर्ति प्रविष्ठ लेख भण्डार की जावे। निर्णय आज दिनांक 04.07.2023 को मेरे द्वारा खुले न्यायालय में सुनाया गया। (सुरेश कुमार) अति. जिला कलक्टर ,दौसा	

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official